# सीसी रोड जलमग्न,बदबूदार कीचड़ से परेशान ग्रामीण

## ग्राम कंजई को प्राप्त है आर्दश ग्राम का दर्जा, ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की सांठ-गाठ से चल रही मनमर्जी

**सिवनी नवभारत। जिला सिवनी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झीलपिपरिया ओर जनपद पंचायत के पदस्थ अधिकारी मानो सुदामा और कृष्ण की मित्रता की तरह कई वर्षो से चली आ रही है जिसका फायदा ग्राम पंचायत झीलपिपरिया के सरपंच मोहन चंद्रवंशी और उनके परिवार के लोग विगत कई वर्षो से लेते आ रहे है और साथ मे सचिव पद मै पदस्थ रीता कोरचे को संरक्षण करते हुये आ रहे है जो एक ही जगह में कई वर्षो अपने पद मै कार्यरत है जिसका फायदा सिर्फ ग्राम पंचायत के मोहन चंद्रवंशी और उनके परिवार को है।**





ग्राम पंचायत झीलपिपरिया के ग्राम कंजई को नाममात्र का आर्दश ग्राम का दर्जा दिया गया है ,ग्राम पंचायत झीलपिपरिया और जनपद पंचायत के पदस्थ अधिकारी अपनी मित्रता बखूबी निभा रहे है जो ग्राम पंचायत झील पिपरिया भ्रष्टाचार तार तार कर रहे है लेकिन ग्राम कंजई मै राधाकृष्ण मंदिर के पास से ऑगनवाडी केंद्र तक सी सी रोड मै इतना कीचड़ है जो इतना बदबूदार हो गया है जिसकी मेहक स्थानीय ग्रामीण लोगो के घर मै जा रही है जिससे ग्राम के बहुत लोग डेगु और मलेरिया का शिखार बन रहे है जिसकी सूचना ग्राम पंचायत के सचिव रीता कोरचे देते आ रहे है लेकिन रीता कोरचे के द्वारा बडी ही आसनी से कह दिया जाता है कि ग्राम कंजई को आर्दश ग्राम जोड़ दिया गया ।मैने पिछ्ले कई वर्षो ग्राम कंजई मै हो रहे सी सी रोड कीचड़को समाचार पत्र के माध्यम कई वर्षो से प्रकाशित कर रहा हू लेकिन जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारी अपनी मित्रता निभाते आ रहे है कभी भी किसी वरिष्ठ अधिकारी ने ग्राम कंजई मै राधाकृष्ण मंदिर से ऑगनवाडी केंद्र कभी इस जगह की विवेचना करने नही पहुचे ।जिससे स्थानीय ग्रामीण लोग आवक-जावक और वाहन

> **भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही योजनाएं**
> जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री की योजना के फायदे को भ्रष्टाचार की भेंट चड़ा रहे है ।इसी सी सी रोड ऑगनवाडी के छोटे-छोट बच्चे और प्राथमिक विद्यालय के बच्चे जाते है और कभी भी कोई तीज पर्व , या राष्ट्रीय पर्व हो इसी रोड से जाना पड़ता है लेकिन ग्राम पंचायत झील पिपरिया के संरपच मोहन चंद्रवंशी और सचिव रीता कोरचे मौन है ।

पिसल कर गिर रहे है। मानो जनपद पंचायत के पदस्थ अधिकारी ग्राम पंचायत झीलपिपरिया साज-गाठ से चल रही है ।अब इस खबर के प्रकाशन के बाद जिला पंचायत वरिष्ठ अधिकारी और कलेक्टर अनुरोध है ग्राम कंजई मै आकर राधाकृष्ण मंदिर से ऑगनवाडी केंद्र तक इस जगह की विवचेना करके पुन:निर्माण कराये।

# फिर पकड़ाया गौमांस, नहीं रूक रही गौकशी

**बरघाट पुलिस की कार्यवाही, दो को पकड़ा**

**सिवनी नवभारत।** गत 08 सितंबर को बरघाट पुलिस को मूखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सर्रा में कुछ लोग गौवंश काट रहे हैं। सूचना की प्राप्ति पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया।

थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर बताए गये स्थान ग्राम सर्रा पंहुचकर सूचना तस्दीक किया जो मौके पर नफीस खान के मकान के सामने के छपरी में 04 लोग दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे हिकमत अमली से घेराबन्दी कर दबिश दिया गया जो मौके पर दो व्यक्ति मिले एवं दो अन्य व्यक्ति मौके से भाग गये, पकडे गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर अपना नाम नफीस खान पिता वाहिद खान उम्र 25 साल एवं राशिद खान पिता वाहिद खान उम्र 30 साल दोनो निवासी ग्राम सर्रा का होना बताये, एवं दो अन्य व्यक्ति जो मौके से फरार हो गये उनके नाम पता पूछने पर उनका नाम साजीद खान पिता वाहिद खान उम्र 26 साल व नौसाद खान पिता वाहिद खान उम्र 28 साल दोनो निवासी ग्राम सर्रा का होना बताये। मौके पर प्लास्टीक की 04 सफेद रंग की पन्नी में मांस कटा हुआ भरा पडा था जिनसे पूछने पर एक गौमांस (नाटा) खाने व बेचने के आशय से काटकर रखना एवं बेचकर आपस में पैसों का बटवारा कराना बताये। मौके पर 04 सफेद पन्नी मे गौमांश 45 किलो किमती करीब 9000 रूपये का एवं गाँवश काटने के हथियार 02 नग लोहे की छुरी, 01 लोहे का बका समक्ष गवाहो के जप्त किया गया है। जप्तसुदा गौमांस को पशु चिकित्सक आर.एस. शरणागत से परीक्षण कराकर गौमांस को समक्ष गवाहान के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसीलदार अजय बरैया बरघाट के समक्ष फोटोग्राफी कराकर जे.सी.बी. मशीन से गढ्ढा खुदवाकर नष्टीकरण कराकर गौमांस नष्टीकरण पंचनामा तैयार किया गया है। आरोपी नफीस खान पिता वाहिद खान उम्र 25 साल एवं रासीद खान पिता वाहिद खान उम्र 30 साल दोनो निवासी ग्राम सर्रा को विधिवत गिर0 कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अन्य 02 आरोपीगणो की तलाश पतासाजी जारी है। आरोपीगणो के विरूद्ध अपराध क्र0 479/24 धारा 4,5,9 म.प्र. गौवंश वध प्रति.अधि., 11ठ पशुओ के प्रति. क्रू.निवा. अधिवा. अधि. 325,3 (5) बीएनएस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही में सरहानीय कार्य थाना प्रभारी निरीक्षक मोहनीश बैस, कार्य. सउनि. बलीराम खरे, कार्य.प्र. आर. ललत प्रसाद पटले, रणजीत पटले, आर. प्रवीण ठाकरे, तरूण टेम्भरे, उलेश कटरे एवं चालक आर. केशरी नन्दन ऐडे का विशेष योगदान रहा।

# सिंगरोड,मांझी-समाज की कार्यकारणी मंडल का गठन



उगली नवभारत। गत दिवस पांडिया छपारा में दोनों जिलों बालाघाट और सिवनी संयुक्त सिंगरोड समाज की बैठक की गई जो आप सभी के सहयोग से सफल रही और सभी की सहमति से समिति का गठन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अशोक शांडिल्य को दोनों जिलों का संयुक्त अध्यक्ष बनाया गया, दो उपाध्यक्ष बंटी सांडिल्य आस्टा एवं जागेश सांडिल्य बोरी कोषाध्यक्ष विनय अर्जुन शांडिल्य सिवनी सचिव संजय सिंगरहा बगलीय अरविंद शांडिल्य जाम मुख्य कानून सलाह संरक्षक कमल शांडिल्य बोरी को चुना गया दोनों जिलों से तीन ब्लाकों से भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष चुने गए जिसमें लालबर्रा ब्लॉक से अध्यक्ष राजा सांडिल्य लालबर्रा उपाध्यक्ष सुजीत लालू पूकुराह बोरी भूपेंद्र कुराह नगपुरा कोषाध्यक्ष हरीश शांडिलय लामता सचिव संतोष सांडिल्य जाम बरघाट ब्लॉक से अध्यक्ष चंदनलाल भारत आस्टा उपाध्यक्ष सुशील शांडिलय आस्टा कोषाध्यक्ष संजय कुसुमारे आस्टा सचिव प्रहलाद कुशमारे आस्टा केवलारी ब्लॉक से अध्यक्ष राधेश्याम शांडिलय उगली उपाध्यक्ष शिवम सिंगरहा डोकररांजी एवं अशोक ससिंगरहा, केवलारी कोषाध्यक्ष रामकिशन शांडिल्य पांडिया छपारा सचिव प्रखर सिंहरहा केवलारी एवं जिला सैनिक प्रचार प्रसार सूचना जानकारी मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शांडिल्य बोरी केवलारी मीडिया प्रभारी अजय शांडिल्य उगली और राजा सांडिल्य बरघाट मीडिया प्रभारी मनोज कुराहा आस्टा लालबर्रा मीडिया प्रभारी शैलेष कुराहा नगपुरा को चुना गया, आप सभी को समस्त उगली क्षेत्रवासी हार्दिक आभार प्रेषित करता है, और उज्जवल भविष्य की कामनाएं करते हैं, जिसे अशोक शांडिल के द्वारा अनुमोदित किया गया।

# त्यौहारों में व्यवस्थाओं को लेकर बरघाट मे शांति समिति की बैठक संपन्न



**बरघाट नवभारत।** गणेश उत्सव, ईद मिलादुन्नवी और आने वाले त्यौहारों के मद्देनजर थाना प्रांगण मे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अनुविभागीय दंडाधिकारी संदीप श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गरोठ, तहसीलदार डॉक्टर संजय वरैया व बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश वैश की मौजूदगी मे बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में त्यौहारों को देखते हुये साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, यातायात एवं सुरक्षा के मुद्दों पर विस्तार पर चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में कहा गया कि गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नवी के त्यौहार सिर्फ हिन्दू और मुस्लिम समाज के नहीं बल्कि सभी धर्मों और समुदाय के हैं। बरघाट नगर की गौरवशाली परंपरा के अनुसार इन त्यौहारों को शांति, सद्भाव और उत्साह से मनाया जाएगा।

एसडीएम संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि शांति समिति के सदस्य त्यौहारों को लेकर इस तरह का माहौल बनाने का प्रयास करें कि समाज के सभी वर्ग और धर्म के लोग इनमें परिवार के साथ शामिल हो। इससे अनुशासन भी बना रहेगा और लोग सभी त्यौहारों का आनंद भी ले सकेंगे।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गरोठ ने कहा कि समिति के सदस्यों को त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के समुचित इंतजामों का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि अशांति पैदा करने के प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। शांति समिति के सदस्यों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति-सद्भाव बनाये रखने की जिम्मेदारी संभाले और प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों से निरतंर सम्पर्क में रहें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिये कि गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की शुरूआत से ही यह सुनिश्चित करें कि गणेश पंडालों से यातायात अवरूद्ध न हो।

तहसीलदार डा.संजय वरैया ने कहा कि डीजे का इस्तेमाल करने की जगह कम साउण्ड का बॉक्स का उपयोग भी अनुमति लेकर किया जाए। गणेश उत्सव आयोजन समितियों की अलग से बैठक बुलाने का सुझाव भी दिया गया। बरघाट नगर सहित आसपास के सभी विसर्जन स्थलों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने पर जोर दिया गया। विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा के समुचित इंतजाम किये जाने की बात कही।

थाना प्रभारी मोहनीश वैश ने समिति के सदस्यों से बैठक में मिले सभी सुझावों को महत्वपूर्ण बताया। गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नवी पर सभी जरूरी पुलिस व्यवस्थायें करने का आश्वासन शांति समिति के सदस्यों को दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन दो दिन तक करने की अपेक्षा एक दिन ही किया जाना चाहिये।



**सिवनी। कस्तूरबा वार्ड स्थित राम सनोडिया के घर विराजे भगवान श्री गणेश जी की अद्भुत मनमोहक छवि**



**सिवनी नवभारत। विवेकानंद वार्ड स्थित मयूर सोनी के घर विराजे भगवान श्री गणेश जी की अद्भुत मनमोहक छवि**

## एक नजर में

### सीएम हाऊस पहुंच बाबा ने अर्पित की श्रद्धांजलि



सिवनी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के उज्जैन स्थित निज निवास पहुंचकर अजय बाबा पाण्डे ने उनके स्वर्गीय पिता पूनमचंद यादव को श्रद्धांजलि अर्पित किया। तथा बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने और परिजनों को इस दुख की घड़ी मे संबल प्रदान करने प्रार्थना किया।

### अग्निवीर मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन



सिवनी। 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन के सूबेदार गौतम साहब पी हवलदार अमर प्रधान कोस बहादुर कृष्णा बहादुर थापा आज दिनांक 9 सितंबर 2024 को फुटबॉल स्टेडियम ग्राउंड सिवानी पहुंचकर अग्नि वीर मॉक टेस्ट संपन्न किया पिछले बार की तरह स्टेडियम ग्राउंड के सचिन श्री एम के नेमा जी का सहयोग प्राप्त हुआ इस टेस्ट दौरान के दौरान एन सी सी अधिकारी अनिल सिंह राजपूत, पवन वासनिक, लक्ष्मण पटले वा सी टी ओ मधुर प्यासी, मनोज यादव उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण



सिवनी। सिविल अस्पताल बरघाट का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें सुरक्षा संबंधी व्यवस्था, सीसीटीव्ही कैमरा एवं अस्पताल पर आने वाले मरीजों की एंट्री के संबंध में निरीक्षण किया गया। महिला स्टाफ की सुरक्षा के संबंध सुरक्षा गार्ड एवं अन्य पहलू पर एसडीएम बरघाट संदीप श्रीवास्तव एवं एसडीओपी बरघाट ललित गठरे द्वारा डॉ उषा श्रेपांडे की उपस्थिति में संयुक्त निरीक्षण किया गया।



# दिनेश राय मुनमुन श्रद्धांजलि सभा मे हुए शामिल

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्रद्धांजलि सभा मे शामिल होकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भोपाल पहुंचकर वृंदावन लान मे आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चाचा स्वर्गीय *चैनसिंह चौहान के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। तथा ईश्वर से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार जनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना किया।



**सिवनी नवभारत। जबलपुर रोड लुघरवाड़ा स्थित अनिल जायसवाल के घर विराजे भगवान श्री गणेश जी की अद्भुत मनमोहक छवि।**

# क्षेत्रीय व बाहर से आए पहलवानों ने दिखाए अपने दांव-पेंच



घंसौर नवभारत। इन दिनों मुख्यालय घंसौर के ग्रामीण क्षेत्रों के अलग अलग ग्रामों में विशेष तिथियों पर वर्षों से अखाड़ा आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में घंसौर अंतर्गत ग्राम चरी (बरेला) में विगत 50 वर्ष से गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर दंगल प्रतियोगिता का अयोजन चला आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा युवा मोर्चा सिवनी के जिला मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र नेमा के संयोजन में एवं पूर्व पंचायत मंत्री, मंडला विधायक देव सिंह सैयाम के मुख्य आतिथ्य व सिवनी जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश मालती डेहरिया की अध्यक्षता में एवं मंडल अध्यक्ष मनोज यादव,जिला पंचायत सदस्य शिवांगी रामस्वरूप उइके ,जनपद सदस्य कामता प्रसाद तिवारी, शिक्षक भगत सिंह अय्याम, मुरलीधर कुलस्ते, कमल युवने आदि हजारों दर्शकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त दंगल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए सैंकड़ों पहलवानों नें कुश्ती में अपने अपने दांव पेंच लगाए और प्रत्येक विजेता पहलवानों को नगद राशि इनाम स्वरूप कमेटी द्वारा दी गई जबकि फाइनल भिड़ंत हरियाणा के धीरज एवं छपारा के गोलू पहलवान के मध्य हुई जिसमें कोई नतिजा नहीं निकला और निर्णायक ने 10 मिनट तक कुश्ती करवाने के बाद दोनों पहलवान को बराबरी पर रहने हेतू अपना निर्णय दिया इस मौके पर मुख्य अतिथि देव सिंह सैयाम व अध्यक्ष मुकेश डेहरिया ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में दंगल समिति को सफल आयोजन संपन्न कराने हेतू कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र नेमा एवं दंगल समिति को साधूवाद प्रेषित किया और विजय हुए पहलावनों को बधाई दिया। फाइनल कुश्ती के दोनों ही पहलवानों को संयुक्त रूप से 3100 - 3100 रु. नगद और शील्ड प्रदान की गई।

# जैतपुर कलां में ईनामी दंगल 11 सितंबर को आयोजित



सिवनी नवभारत। समीपस्थ ग्राम जैतपुर कलां में ईनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है।यह दंगल बुधवार 11 सितंबर को रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के बसंत बघेल ने बताया कि प्रति वर्ष राधाष्टमी पर जैतपुर कलां में दंगल का आयोजन किया जाता रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य विलोपित हो रही भारतीय मल्ल विद्या को परंपरागत तरीके से कायम रखने के साथ ही युवा पीढ़ी को इस विधा से जोड़े रखना है। उन्होंने आगे बताया कि इस दंगल प्रतियोगिता के विजेता को प्रथम पुरुस्कार 15001 रूपये शील्ड, द्वितीय पुरुस्कार 7501रूपये शील्ड एवं तृतीय पुरूस्कार 3501 रूपये शील्ड साथ ही मेडल आदि प्रदान किए जायेंगे ।दंगल में बाहर जिले एवं राज्य के पहलवानों का आगमन होगा,साथ ही क्षेत्रीय गणमान्य जनों के साथ साथ विशिष्ट जनों का भी आगमन होगा ।दंगल समिति आयोजकों ने कुश्ती प्रेमियों एवं पहलवानों से दंगल में सहभागिता निभाने की अपील की है।

# तीज पर हुई ऑनलाईन प्रतियोगिता, जूनियर वर्ग में निशा श्रीवास्तव ने मारी बाजी



**लखनादौन नवभारत।** सामाजिक महिला संगठन निश्छल वेलफेयर सोसायटी द्रवारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हरितालिका तीज के दिन ऑनलाइन प्रतियोगिता मै रूपवती सौभाग्यवती का आयोजन कीया गया ।जिसमे सभी व्रती बहनों ने वाट्स अप ग्रुप के माध्यम से भाग लिया ।बहनों की संख्या लगभग 50 रही ।सभी बहनों को फुलेरा के साथ और फोटो ग्रुप मे डालना था ।प्रतियोगिता का समय रात 7बजे से सुबह 7बजे तक रखा गया था। जज भी ग्रुप मे ही मौजूद थे जिसमे रजनी अग्रवाल , वसुन्धरा गोल्हानी,सीता मिश्रा,कल्पना स्थापक और श्वेता तिवारी ने बहनो के सोलह श्रंगार और फूलेरा सजावट पूजन कौशल को देखकर नंबर प्रदान किया। संगठन की संचालक अर्चना तिवारी ने बताया की विलुप्त होते भारतीय व्रत त्यौहार,हमारी भारतीय पूजन विधी,भारतीय संस्कृति को बचाये रखने का एक छोटा सा प्रयास मात्र है ।पहले समय मे यह हरितालिका तीज का आयोजन बहुत जोर शोर से मनाया जाता था ।सारे शहर और गॉव मे उत्सव का माहौल होता था ।सारी रात ढोलक की थाप भजनों की आवाज आती थी ।बहने सुबह भोर मे गीत गाते हुये नदी तट से बालू लेकर आती थी। यह सब अब आधुनिकता की वजह से कॅही खो सा गया है।

**विरोध** बालिकाओं से जगह जगह हो रहे दुराचार पर भी जताई चिंता

# कांग्रेसियों ने प्रदेश में खराब सड़कें और बिलों में वृद्धि को लेकर सौंपा ज्ञापन



**छपारा नवभारत।** जहां एक ओर विगत 4 सितंबर से सम्पूर्ण प्रदेश में ब्लाक स्तर पर कांग्रेस पार्टी लगातार क्रमवार धरना प्रदर्शन मध्यप्रदेश की भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी की कानून , सड़कें और किसानों के बढ़ी दरों पर बिजली बिलों को थमा खेतों के बिजली आपूर्ति कनेक्शन काटने जैसे मुद्दों को लेकर प्रर्दशन किया जा रहा है वहीं उसी क्रम में छपारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी इकाई के द्वारा 9 सितंबर को दोपहर नगर के बस स्टैंड के समीप स्थित कांप्लेक्स में एकत्रित हो बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर के तहसील कार्यालय में पहुंचकर सत्तारूढ़ पार्टी के किसानों की आर्थिक परेशानियों बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि, खस्ताहाल सड़कें, महिलाओं एवं बालिकाओं से जगह जगह हो रहे दुराचार और अनूसूचित जनजाति अल्पसंख्यक वर्गों पर अत्याचार जैसे मुद्दों को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसील कार्यालय परिसर में नायब तहसीलदार सुजाता विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपरा के अध्यक्ष ठाकुर जयकेश सिंह, सूरजलाल, रमेश चंद जैन,गुलाब साहु, रमेश चौहान, चंद्रशेखर श्रीवात्री, राशिद पटेल, सिहाब खान, गुरुमीत ठाकुर, आफाक खान , दिमाग सिंह, राजिक अहमद , रियाज खान सहित छपारा,बखारी एवं चमारी खुर्द के भी वरिष्ठ एवं युवा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अचानक आग लगी

छपारा नवभारत। 9 सितंबर को दोपहर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के जांच कक्ष में दोपहर लगभग 2:15 बजे शाटसर्किट के चलते उक्त कक्ष पर रखे हुए कुर्सी और टेबल कवर में आग लग गई ज्ञात हो कि उक्त कक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक रोगियों की जांच, परामर्श एवं दवा लिखने का कार्य किया जाता है दोपहर के समय हुई इस घटना में कोई बड़ी घटना घटित नहीं हुई सिर्फ वहां केविन में रखी हुई कुर्सी एवं टेबल कवर जल गये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ कर्मचारियों की सतर्कता के चलते अग्निशामक यंत्र की सहायता से कुछ मिनटों में लगी आग को काबू में कर लिया गया।



**छिंदवाड़ा . हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परासिया रोड शिव मंदिर गणेश उत्सव समिति द्वारा स्थापित गणेश जी की प्रतिमा । इस वर्ष गणेश उत्सव समिति द्वारा अयोध्या धाम की प्रतिकृति बनाई गई है ।जो गणेश उत्सव के प्रथम दिन से ही आम जनता के लिए दर्शन सुलभ है ।गणेश उत्सव समिति ने समस्त भक्तगणों से , समस्त शहर वासियों से निवेदन किया है कि वह अयोध्या धाम में भगवान श्री गणेश जी का दर्शन अवश्य करें ।**